# लुधियाना में नकली दवाओं की सप्लाई, पिंडी स्ट्रीट पहुंचा जालंधर की कंपनी का MR हिरासत में

Publish Date:Thu, 27 May 2021 11:42 AM (IST)Author: Vipin Kumar



पंजाब की सबसे बड़ी होलसेल मंडी में एक होलसेलर को नकली दवा सप्लाई करने के आरोप में एक युवक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। युवक जालंधर में दवा कंपनी में मेडिकल रिप्रजेंटेटिव के रूप में तैनात है।

लुधियाना, जेएनएन। पंजाब की सबसे बड़ी होलसेल मंडी में एक होलसेलर को नकली दवा सप्लाई करने के आरोप में एक युवक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। युवक जालंधर में दवा कंपनी में मेडिकल रिप्रजेंटेटिव के रूप में तैनात है। वह मुकेरियां का रहने वाला बताया जाता है। अब पुलिस इस मामले में विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है।आरोप है कि उक्त युवक नामी कंपनी की नकली दवा लेकर बाजार में एक होलसेलर को स्पलाई देने पहुंचा था।

इसी दौरान होलसेलर ने मार्केट एसोसिएशन को सूचित कर दिया। उसके बाद एसोसिएशन के पदाधिकारी भी पहुंच गए और थाना कोतवाली की पुलिस को भी सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। बताया जाता है कि वह लुधियाना के कई होलसेलर को उक्त कंपनी का माल सप्लाई करता रहा। नकली माल आने की भनक मिलने के बाद होलसेलर ने एसोसिएशन के पदाधिकारियों को बुलाया था।

**तलवाड़ा से लाया था दवाएं**

थाना कोतवाली के एसएचओ हरजीत सिंह ने बताया कि अभी मामले की जांच की जा रही है। युवक ने उक्त दवाएं तलवाड़ा से लाने की बात स्वीकार की है। उक्त दवाओं को लैब में जांच के लिए भेजा जाएगा। साथ ही ड्रग डिपार्टमेंट के अफसरों को भी जानकारी दी गई है। जांच रिपोर्ट और उनके सुझाव के बाद अगली कार्रवाई की जाएगी।

**12 बोतल अवैध शराब सहित एक काबू**

थाना भदौड़ की पुलिस ने थाना भदौड़ की पुलिस ने 12 बोतल अवैध शराब सहित एक व्यक्ति को काबू किया है। इस संबंधी जानकारी देते सहायक थानेदार सरबजीत सिंह ने बताया कि वह पुलिस पार्टी सहित बस स्टैंड भदौड़ में गश्त कर रहे थे। इस दौरान उन्हें सूचना मिली कि कुलवंत सिंह निवासी मझुके बाहरी राज्य से शराब लाकर बेचने का आदी है यदि मझुके रोड़ पर नाकाबंदी की जाए तो उसे अवैध शराब सहित काबू किया जा सकता है। सहायक थानेदार सरबजीत सिंह ने बताया कि वह पुलिस पार्टी सहित बस स्टैंड भदौड़ में गश्त कर रहे थे। पुलिस ने नाकाबंदी करके कुलवंत सिंह को 12 बोतल अवैध शराब सहित काबू करके आबकारी एक्ट तहत मामला दर्ज किया है।

Source: https://www.jagran.com/punjab/ludhiana-jalandhars-mr-arrested-at-pindi-street-to-supply-fake-medicine-in-ludhiana-21681597.html